हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

11 गुस्सा, घमंड, लालच, ईर्ष्या और मोह मनुष्य के असली शत्रु...



12 डीएफएससी की खरीद को लेकर सांसद बराला से मिले आढ़ती...



## खबर संक्षेप

### मंडियों में अब तक 63,809 क्विंटल सरसों की आवक

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित विभाग व एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए तमाम प्रबंध करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही खरीद केंद्रों से खरीद गई सरसों फसल का उठान कार्य भी निरंतर करवाए जाए ताकि जाम आदि की स्थिति पैदा न हो। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी सरसों की फसल को तयमानकों अनुसार खरीद केंद्रों व अनाज मंडियों में लेकर आए ताकि उनकी फसल की जल्द खरीद हो सके।

### मजदूरी करने गए परिवार के घर से सामान चोरी

**फतेहाबाद।** राजस्थान में मजदूरी करने गए परिवार के मकान में घुसकर अज्ञात चोर लाखों के गहने व अन्य सामान चोरी कर ले गए है। परिवार जब राजस्थान से वापस लौटा तो उन्हें चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही भूना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में संदीप ने कहा है कि वह भूना से मजदूरी करने के लिए राजस्थान में गए थे। इसी दौरान चोर उनके घर से सामान चोरी कर ले गए।

### महिला की फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** महिला की फोटो पर आपत्तिजनक शब्द लिखकर वायरल करने के मामले में टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अजय सिंह पुत्र मनजीत सिंह निवासी बीड तालाब, जिला बठिंडा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 22 सितम्बर 2023 को टोहाना निवासी एक महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### नेत्र जांच शिविर का आयोजन 13 अप्रैल को

**सिरसा।** सामाजिक संस्था श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से 13 अप्रैल को आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद के आपरेशन और ब्लड शुगर जांच का 267वां निःशुल्क मासिक चिकित्सा कैम्प नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चैरिटेबल होस्पिटल में आयोजित किया जाएगा। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल व अध्यक्ष डा. आशीष खुराना ने बताया यह शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. प्रवीण अरोड़ा व सचिव डा. महीप बांसल करेंगे।

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित चार युवक काबू

**सिरसा।** पुलिस ने चार युवकों को लाखों रुपये की 28 ग्राम 113 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीआईए सिरसा पुलिस टीम टीम के प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान डबवाली रोड सिरसा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान कार सवार युवकों की शक के आधार पर कार्रवाई की ।

# गेहूं की पकी फसल पर ओलावृष्टि की मार, किसानों की सासें फूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/रतिया

फतेहाबाद के रतिया क्षेत्र में वीरवार दोपहर को मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि शुरू हो गई। करीब 15 मिनट तक हुई बरसात से जहां लोगों को लू से राहत मिली वहीं गेहूं उत्पादक किसानों की सांसे फूल गई। दरअसल, आज ही गेहूं कटाई का काम शुरू हुआ था। अब किसानों को कटाई का काम बीच में ही रोकना पड़ा। कई-कई जगह फसल जमीन पर बिछ गई। हालांकि फतेहाबाद के आसपास के गांवों में बारिश की सूचना नहीं है। बारिश के बाद यहां के तापमान में हलकी गिरावट आई है। वीरवार को यहां का अधिकतम तापमान 39 डिग्री व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि दो दिन पूर्व तापमान 41 डिग्री को पार कर गया था। रतिया क्षेत्र में वीरवार को मौसम ने करवट बदली।

**खास बातें**

- किसानों को कटाई का काम बीच में ही रोकना पड़ा
- कई-कई जगह फसल जमीन पर बिछी
- फतेहाबाद के आसपास के गांवों में बारिश की सूचना नहीं
- अधिकतम 39 डिग्री व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया
- 9 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हुई बूंदाबांदी

## *मौसम ने ली करवट, बरसात के बाद लू से मिली राहत*



रतिया। शहर में हुई बारिश। फोटो :हरिभूमि

### खराब मौसम को लेकर किसान वर्ग में चिंता का माहौल

वीरवार को कई क्षेत्रों में बरसात के साथ हल्की ओलावृष्टि भी हुई है। इससे पिछले कई दिनों से लू व गर्मी से बेहाल हो रहे लोगों को राहत मिली है। हालांकि अब खेतों में गेहूं कटाई का कार्य शुरू होने से बरसात को लेकर किसानों में चिंता का माहौल बना हुआ है। सुरेंद्र कुमार, देवराज, प्रदीप, बिंद्र, विनय, अजय आदि ने बताया कि पिछले कई दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। दोपहर के समय लू चलने से लोग बेहाल हो रहे थे। वीरवार सुबह से ही आसमान पर बादल छाए हुए थे। दोपहर को तेज हवाओं के साथ बरसात शुरू हुई। बीचबीच में कुछ देर के लिए हल्की ओलावृष्टि भी हुई। खराब मौसम को लेकर किसान वर्ग में चिंता का माहौल बना हुआ है।

### *14 अप्रैल तक मौसम में बदलाव रहेगा*

*चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदनलाल खीचड़ ने कहा कि पिछले 3-4 दिनों से पूर्वी हवाएं चल रही हैं, लेकिन तापमान लगातार बढ़ रहा है। जो पहले तापमान 36 डिग्री सेल्सियस था, अब वह 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। लगातार तापमान में बढ़ोतरी हुई है। जो तापमान 10-15 अप्रैल के बीच होता है, वह 4-5 दिन पहले ही आ गया। इसका मुख्य कारण यही था कि सूर्य की किरण सीधी धरती पर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता नहीं थी और बादलवाई भी नहीं थी, लेकिन एक पश्चिमी विक्षोभ 9 अप्रैल रात्रि से सक्रिय हो गया है, जिससे बादलवाई और बूंदाबांदी हुई है।*

## डब्ल्यूटीपी में क्लीयर टेंक की संख्या 3 से बढ़कर 6, जोड़े कनेक्शन

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी फिल्टर नहीं होने पर भी शहर में 22 दिन तक नहीं आएगी दिक्कत

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

**भाखड़ा डैम में जलस्तर कमी और ब्रांच नहर में मरम्मत कार्य के चलते चल रही नहरबंदी**

गर्मियों में शहरवासियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल सप्लाई को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग ने खैरातीखेड़ा रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में टेंकों की संख्या बढ़ाकर डबल कर दी है। डब्ल्यूटीपी में पहले तीन क्लीयर टेंक थे, जिनकी संख्या बढक़र अब 6 हो गई है। अब क्लीयर टेंक में पानी स्टोरेज की इतनी क्षमता होगी कि 22 दिन तक पानी फिल्टर होकर न आए, तो भी शहर में पेयजल की किल्लत नहीं होगी। इसके लिए पूरे शहर की पेयजल आपूर्ति वीरवार को प्रातः 5 बजे से दोपहर अढ़ाई बजे तक ठप रखी गई। पब्लिक हैल्थ के एसडीओ सतपाल रोहज का कहना है कि वीरवार को क्लीयर टेंक के कनैक्शन जोड़ दिए गए हैं। अब इनमें क्लीयर पानी आना शुरू हो जाएगा। बता दें कि पिछले दिनों इसी 22 एमएलडी के डब्ल्यूटीपी पर एसएस टेंक का क्षेत्रफल 22 एकड़ से बढ़ाकर 30 एकड़ कर दिया गया था। 8 एकड़ का नया टेंक बनाया गया है ताकि गर्मियों व नहरीबंदी के समय पानी की शॉर्टेज न रहे। मालूम हो कि भाखड़ा डैम में जलस्तर कमी और फतेहाबाद ब्रांच नहर में मुरम्मत कार्य के चलते नहरबंदी चल रही है। फतेहाबाद में नहर आधारित जलापूर्ति करने के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के खैरातीखेड़ा रोड पर दो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं। इसमें एक 10 एमएलडी और दूसरा 12 एमएलटी का डब्ल्यूटीपी शामिल हैं। अभी तक यहां पर 22 एकड़ भूमि पर पानी का टेंक बना हुआ था, जिससे पूरे शहर में प्रतिदिन दो बार पानी की आपूर्ति की जाती थी। पिछले दिनों भाखड़ा डैम में जलस्तर में कमी आने के बाद यहां नहरबंदी का समय बढ़ा दिया गया था। पहले एक समय में 16 दिन नहरें चलती थी और 16 दिन बंद रहती थी। भाखड़ा डैम में जलस्तर में कमी के बाद नहरें 16 दिन बंद और 8 दिन चल रही हैं। पिछले सप्ताह भाखड़ा-ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड ने भाखड़ा से निकल रही फतेहाबाद मेन ब्रांच में मेंटेनेंस कार्य के चलते 40 दिन नहरबंदी का सर्कुलर जारी किया था। नहरों में पानी की किल्लत को देखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग ने खैरातीखेड़ा रोड पर 22 एकड़ टेंक के साथ ही 8 एकड़ भूमि पर एक अन्य टेंक का निर्माण करवाकर कुल टेंक को 30 एकड़ का कर दिया ताकि शहर में पानी की समस्या न रहे।






फतेहाबाद। खैरातीखेड़ा रोड पर बना वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व फिल्टर होकर क्लीयर टेंक में जाता पानी। फोटो :हरिभूमि

### क्या हैं क्लीयर टेंक, कैसे होता हैं काम

भोडियाखेड़ा नहर से खैरातीखेड़ा रोड स्थित डब्ल्यूटीपी पर 30 एकड़ में बने एसएस टेंक यानि जिस टेंक में पानी की स्टोरेज की जाती है, यहां से पानी डब्ल्यूटीपी में फिल्टर होने के बाद साफ हो सकता है, जिसे क्लीयर बोला जाता है। विभाग ने डब्ल्यूटीपी में 3 क्लीयर टेंक बनाए रखे हैं। यहां से पानी शहर को सप्लाई होता है। विभाग को लग रहा था कि गर्मियों में या नहरबंदी के कारण क्लीयर टेंक में किसी कारणवश पानी नहीं आता तो शहर में दिक्कत हो जाएगी। इसलिए विभाग ने यहां 3 नए क्लीयर टेंकों का निर्माण करवाया है। अब इनकी संख्या बढक़र 6 हो गई है। उदाहरण के तौर पर अगर किसी कारणवंश पानी स्टोरेज टेंक से फिल्टर होकर नहीं आता तो भी क्लीयर टेंक में इतना साफ होगा कि 22 दिन तक शहर में पानी की किल्लत नहीं होगी। इस समय फतेहाबाद में प्रतिदिन 2 करोड़ 20 लाख लीटर यानि 22 एमएलडी पानी प्रतिदिन दिया जा रहा है। यह पानी डब्ल्यूटीपी से फिल्टर होकर प्रतिदिन सुबह व दोपहर को शहर में सप्लाई किया जाता है।

### टेंको में साफ पानी भरना किया शुरू : सताल रोज

*फतेहाबाद के खैरातीखेड़ा रोड पर डब्ल्यूटीपी में वीरवार को 3 नए क्लीयर टेंकों के कनेक्शन जोड़े गए हैं। अब किन्हीं कारणों के चलते पानी फिल्टर नहीं आता तो क्लीयर टेंकों की इतनी क्षमता हो गई है कि शहर में पेयजल आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं आएगी। कनैक्शन जोडऩे के बाद इन सभी टेंकों में साफ पानी भरना शुरू कर दिया गया है।*

*-सतपाल रोज, एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग*



फतेहाबाद। आग से काली हुई मकान की दीवारें।

### भाटिया कॉलोनी में लगी मकान में आग

**फतेहाबाद।** शहर के भाटिया नगर में एक घर में आग लग गई। आग लगने से घर में रखा हजारों का सामान व नकदी जलकर स्वाह हो गई। जिस समय आग लगी, उस समय घर में तीन बच्चे भी मौजूद थे। गनीमत रही कि उन्हें आग ने अपनी चपेट में नहीं लिया। बच्चों ने बाहर आकर जान बचाई और पड़ोसियों को बताया। इसके बाद फायर ब्रिगेड व परिवार के सदस्यों को सूचना दी गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर आए कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मैनीपुरी निवासी राजीव, उसकी पत्नी रमन कुमारी और 14 वर्ष, 12 वर्ष व 8 वर्ष के तीन बच्चे इस मकान में किराए पर रहते हैं। यह मकान शकुंतला देवी का है। राजीव का परिवार इसमें पांच साल से रह रहा है। राजीव व उसकी पत्नी मजदूरी का कार्य करते हैं। राजीव ने बताया कि एक दिन पहले ही करीब 20 हजार रुपए घर में रखे थे। जो इस आग के कारण जल गए हैं।

- घर में रखा हजारों का सामान व नकदी जलकर स्वाहा
- फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

# सड़क निर्माण को लेकर विजिलेंस की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के शहर टोहाना के मॉडल टाउन में नगर परिषद द्वारा निर्मित सडक़ की गुणवत्ता की जांच के लिए विजिलेंस विभाग की टीम पहुंची। कार्यकारी अभियंता जय सिंह के नेतृत्व में टीम ने वार्ड 22 में सडक़ के विभिन्न हिस्सों से सैंपल लिए। टीम ने लिए गए सैंपल को जांच के लिए लैब में भिजवा दिया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क बनने के तुरंत बाद ही बजरी उखड़ने लगी। वार्ड 22 के पार्षद प्रतिनिधि रिंकू गर्ग ने बताया कि लोगों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया था।

### कार्रवाई की मांग

*विजिलेंस टीम इंचार्ज जय सिंह ने बताया कि सडक़ निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत आई थी। जिसके चलते उनकी टीम ने आकर सडक़ से मेटेरियल के सैंपल लिए है। जिसकी जांच रिपोर्ट आने में लगभग 6 महीने का समय लग सकता है। पार्षद प्रतिनिधि का कहना है कि इतने लंबे समय तक लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। उन्होंने मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।*

## *किसान यूनियन बोली : नकली बीज और खाद के खिलाफ कानून जरूरी, सख्ती से हो लागू*

# कानून को लेकर किसान यूनियन व पेस्टीसाइड विक्रेता आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा नकली बीज व पेस्टीसाइड को लेकर कानून में किए गए संशोधन के विरोध को लेकर पेस्टीसाइड यूनियन और किसान संगठन आमने-सामने नजर आ रहे हैं। एक तरफ जहां पेस्टीसाइड विक्रेताओं ने इस कानून के खिलाफ हड़ताल कर दुकानें बंद कर रखी हैं वहीं भारतीय किसान यूनियन ने न केवल इस कानून को किसानों के लिए जरूरी बताया है बल्कि इसे सख्ती से लागू करने की भी मांग की है।



### कृषि विवि में 90 क्विंटल नकली बीज पकड़वाया

किसान नेता जोगिंदर नैन ने बताया कि फरवरी 2024 में उनके संगठन ने हिसार की कृषि विश्वविद्यालय में 90 क्विंटल नकली बीज पकड़वाया था। इसके बाद सरकार के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर से बातचीत हुई। पहले नकली बीज के सैंपल फेल होने पर सिर्फ 3 महीने का लाइसेंस सस्पेंड या 500 रुपए जुर्माने का प्रावधान था।



# एसडीएम का औचक निरीक्षण, खरीद और लिफ्टिंग में तेजी लाने के निर्देश

डिंग। डिंग नई अनाज मंडी में वीरवार को एसडीएम राजेंद्र कुमार ने औचक निरीक्षण किया। सडीएम ने गेहूं और सरसों की खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया और मंडी सचिव सहित अन्य अधिकारियों को खरीद और लिफ्टिंग में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों की समस्याएं भी सुनी और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।निरीक्षण के दौरान बारदाना की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई, ताकि किसी खरीद केंद्र पर कमी न हो। एसडीएम ने मंडी में पारदर्शी और त्वरित खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि मंडी की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और किसानों को खरीद, तौल व भुगतान की प्रक्रिया में राहत मिलेगी।

## अभियान का उद्देश्य स्वच्छता, जल संरक्षण व पर्यावरण की सुरक्षा को बढ़ावा देना

# फतेहाबाद में भाजपा का गांव चलो-बस्ती चलो अभियान शुरू टोहाना में बबली ने की शुरुआत, मताना में नेता ने लगाई झाड़ू

**पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने लोगों से अपने गांवों और बस्तियों को स्वच्छ रखने की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिलेभर में बीजेपी ने आज से चलो-बस्ती चलो अभियान की शुरूआत कर दी है। टोहाना में पूर्व मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने शक्ति केंद्र गांव समैन से इस अभियान की शुरुआत की वहीं फतेहाबाद में ग्रामीण मंडलाध्यक्ष सीताराम पुनिया ने गांव मताना से अभियान शुरू किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा को बढ़ावा देना है। गांव समैण में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री बबली ने अपील की कि वे अपने गांवों और बस्तियों को स्वच्छ रखें। उन्होंने जल संरक्षण और वृक्षारोपण पर विशेष जोर दिया।अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पूर्व मंत्री ने खुद भी झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। गांव समैन के लोगों ने इस पहल में बढ़-चढक़र भाग लिया। पार्टी की योजना है कि यह अभियान अन्य गांवों और बस्तियों में भी चलाया जाएगा। इससे हरियाणा को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने में मदद मिलेगी।



फतेहाबाद। मताना में भाजपा नेता का स्वागत करते सरपंच दलबीर सिंह व अन्य ग्रामीण।

### सरपंच व ग्रामीणों ने किया स्वागत

गांव के सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा व ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। भाजपा नेता ने गांव की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और स्वयं भी सफाई अभियान में भाग लेकर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने गांव में हाल ही में सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं से भी संवाद किया और उन्हें बधाई दी। गांव के सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा मताना ने बताया कि गांव मताना के लगभग 80 युवक-युवतियां बिना किसी सिफारिश और आर्थिक बोझ के सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि व्यवस्था में पारदर्शिता आई है और योग्यताधारी युवाओं को अवसर मिल रहे हैं।

विशेषः अंबेडकर जयंती, 14 अप्रैल

# डॉ. भीमराव अंबेडकर देश-समाज को दी नई दिशा

प्रेरणास्रोत
अलका जैन 'आराधना'

बच्चो, भारत के संविधान निर्माता और देश के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर का शुरुआती जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से कस्बे महू में हुआ था। उनका परिवार ऐसी जाति से संबंधित था, जिसे उस समय समाज में अछूत माना जाता था। इस सामाजिक भेद-भाव का अनुभव उन्होंने अपने बचपन से लेकर युवावस्था तक कई बार किया।



**जब नहीं पीने दिया गया पानीः** बचपन में जब भीमराव स्कूल में पढ़ते थे, एक बार उन्हें प्यास लगी। जब वे स्कूल में रखी पानी की हांडी से पानी पीने लगे तो वहां के अध्यापक ने उन्हें डांटते हुए कहा, 'तुम इस हांडी का पानी नहीं पी सकते, ये तुम्हारी जाति वालों के लिए नहीं है।' भीमराव शांत खड़े रहे। इस घटना से वे बहुत दुःखी हुए। उन्होंने इस प्रकार के भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दृढ़ संकल्प लिया, 'एक दिन मैं ऐसा समाज बनाऊंगा, जहां किसी को उसकी जाति के कारण पानी पीने से नहीं रोका जाएगा।'

बड़े होने के बाद भी भीमराव, बचपन में लिया गया अपना संकल्प नहीं भूले। उन्होंने 1927 में महाड़ नाम के स्थान पर एक आंदोलन शुरू किया। वहां एक तालाब था, जो सिर्फ ऊंची जाति वाले लोगों के लिए खुला था। अंबेडकर ने उन दिनों मानी जाने वाली निम्न जाति के अपने हजारों साथियों के साथ जाकर उस तालाब से पानी पिया। उन्होंने समाज को संदेश दिया- 'पानी सबका है, इज्जत सबकी है।' इस आंदोलन ने पूरे देश में उन्हें प्रसिद्ध कर दिया।

**संविधान में दिया समानता का अधिकारः** जब भारत आजाद हुआ तो देश को अच्छी तरह चलाने के लिए संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी भीमराव आंबेडकर और कुछ अन्य विद्वानों को दी गई। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा, नौकरी और न्याय में पिछड़े वर्गों को आरक्षण मिले ताकि वे बराबरी से आगे बढ़ सकें। इस तरह उन्होंने हमारे देश और समाज को एक नई दिशा दिखाई।

**लें यह संकल्पः** बच्चो, बाबा साहब की जयंती पर हम यह संकल्प ले सकते हैं कि कभी भी किसी को उसकी जाति, धर्म या रंग के आधार पर उपेक्षा या अपमानित नहीं करेंगे। हम सबको बराबरी का दर्जा देंगे। यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दुनिया का काम

बच्चो, एक छोटी सी चित्रात्मक कहानी की किताब 'दुनिया का काम', कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें एक मक्खी, एक मुर्गा, एक कुत्ता और एक कौए की कहानी है। इन चारों को लगता है कि ये इंसान की अलग-अलग तरीके से मदद करते हैं। जैसे, मुर्गे को लगता है कि रोज सुबह उसके बांग देने से ही लोगों की नींद खुलती है, उन्हें सुबह होने का पता चलता है। इसी तरह कौए को लगता है कि जब वह किसी घर की मुंडेर पर बैठकर 'कांव-कांव' करता है, तभी उस घर के लोगों को पता चलता है कि कोई मेहमान आने वाला है। इतनी मदद करने के बावजूद इंसान उनकी मदद का महत्व नहीं समझते हैं। इससे नाराज होकर चारों अपना काम बंद कर देते हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए यह किताब तुम्हें पढ़नी होगी। *




**किताबः** दुनिया का काम, **लेखकः** अखिलेश श्रीवास्तव चमन, **मूल्यः** 150 रुपए, **प्रकाशकः** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी



# भारत के अजब-अनूठे गांव

बच्चो, भारत को गांवों का देश कहा जाता है। यहां करीब 6.65 लाख गांव हैं। इन गांवों की अपनी अलग-अलग खूबियां हैं, लेकिन कुछ गांव तो बहुत ज्यादा ही अनूठे हैं। यहां जाने पर ऐसे नजारे दिखते हैं, जिन्हें देखकर बहुत ज्यादा अचरज होता है। अपनी अनोखी विशेषताओं के कारण ये गांव, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। जानो, किन विशेषताओं के कारण ये गांव अजब-अनूठे कहलाते हैं।

### मावलिननॉन्गः एशिया का सबसे स्वच्छ गांव

**मावलिननॉन्ग** नामक गांव, मेघालय राज्य में स्थित है। इस गांव का आकर्षण है-चमचमाती पक्की सड़कें, रोशनी से चकाचौंध गलियां। मावलिननॉन्ग में सफाई ऐसी रहती है कि दूर-दूर तक पेड़ों से गिरे पत्ते तक नजर नहीं आते हैं। कहते हैं कि एक समय मावलिननॉन्ग महामारियों की चपेट में आ गया था। यहां के लोगों ने अच्छे स्वास्थ्य और व्यवस्थित जीवन के लिए स्वच्छता का महत्व समझा। साफ-सफाई को अपनाकर अपनी किस्मत खुद बदली और अपने गांव को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित किया। यह गांव 2003 से लगातार एशिया महाद्वीप का सबसे 'स्वच्छ ग्राम' चुना जा रहा है। *




### जबूरः गुजरात में बसा 'मिनी अफ्रीका'

**भारत में** गुजरात के 'गिर' के जंगलों के बीच बसा है जबूर गांव। इसे 'गुजरात का अफ्रीका', 'भारत का अफ्रीका' या 'मिनी अफ्रीका' भी कहा जाता है। यहां एक खास आदिवासी जनजाति 'सिद्दी' निवास करती है, जो मूल रूप से अफ्रीका के बनतु समुदाय से संबंध रखती है। अफ्रीकी रीति-रिवाज की छाप छोड़ता यह गांव हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। गुजरात में 'गिर' जंगल को देखने आने वाले लोग जबूर गांव को देखना नहीं भूलते। *

### गुलावटः यहां होती है कमल के फूलों की खेती

**मध्य प्रदेश** के इंदौर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित है गुलावट गांव। इसे 'लोटस वैली' के नाम से भी जाना जाता है। यह गांव करीब 300 एकड़ क्षेत्र में फैला है। गांव के लगभग 300 किसान कमल के फूलों की खेती करते हैं। मई-जून में जब इस क्षेत्र में पानी नहीं होता है, तब कमल के बीज रोपे जाते हैं। यहां पैदा होने वाले कमल के फूल इंदौर के साथ दिल्ली और अन्य महानगरों में सप्लाई किए जाते हैं। 'लोटस वैली' इंदौर का एक बहुत ही प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बन चुका है। यहां धार्मिक स्थलों के दर्शन के अलावा घुड़सवारी, बोटिंग, साइकिलिंग, ओपन जीप में साइट व्यू जैसी एक्टिविटीज का मजा लिया जा सकता है। *



### डोंगः जहां सबसे पहले निकलता है सूरज



**डोंग गांव** को 'भारत का पहला सूर्योदय स्थल' कहा जाता है। यहां सुबह 3 से 4 बजे के बीच ही सूरज निकल आता है। यह गांव अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में स्थित है। यह गांव चीन और म्यांमार के बीच समुद्र तल से करीब 1240 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस गांव में दिन-रात का चक्र, देश के बाकी राज्यों से कुछ अलग है। बच्चो, तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यहां शाम 4 बजे ही अंधेरा हो जाता है। सूर्योदय और सूर्यास्त की अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण देश-विदेश से पर्यटक इस गांव की सैर करने आते हैं। नए साल पर तो देश के विभिन्न स्थानों से लोग यहां सूरज की पहली किरण देखने आते हैं। *

विशेषः बैसाखी, 13 अप्रैल

# उमंग-उल्लास का त्योहार बैसाखी



पर्व
विनय कुमार पाठक

बच्चो, हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो पूरे देश में मनाए जाते हैं, तो कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो किसी विशेष प्रांत में या कुछ प्रांतों में मनाए जाते हैं। कुछ पर्व अलग-अलग राज्य में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं, जिन्हें मनाने का तरीका भी थोड़ा अलग हो सकता है। ऐसा ही एक अनूठा पर्व है बैसाखी, जिसे मुख्य रूप से पंजाब और उसके आस-पास के इलाकों में मनाते हैं।

**फसल तैयार होने की खुशीः** बैसाखी पर्व, मुख्य रूप से फसल तैयार होने की खुशी को प्रकट करने से जुड़ा हुआ है। मार्च के अंत से लेकर अप्रैल माह में जब रबी की फसल (गेहूं, जौ, सरसों, चना आदि) तैयार हो जाती है तो किसान उसकी खुशी को प्रकट करने के लिए बैसाखी पर्व मनाते हैं।

**खालसा पंथ की हुई स्थापनाः** बैसाखी सिख धर्म के लोगों का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। सिख धर्म में यह पर्व नए साल का प्रतीक भी माना जाता है। इसी दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा की जाती है, जुलूस भी निकाला जाता है। लंगर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म और वर्ग के लोगों को भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर अपनी खुशी उमंग को प्रकट करने के लिए लोग पारंपरिक लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्दा भी करते हैं। इसमें बच्चे भी बड़े उत्साह से हिस्सा लेते हैं।

**हिंदी महीने वैशाख से भी संबंधितः** तुम्हें हिंदी कैलेंडर के महीनों के नाम (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आसाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहण, पौष, मार्गशीर्ष, फाल्गुन) तो याद होंगे ही। इनके बारे में हम इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि बैसाखी का संबंध हिंदी कैलेंडर के एक महीने वैशाख से भी संबंधित है। जिस तरह आम बोलचाल में ज्येष्ठ को जेठ, श्रावण को सावन, भाद्रपद को भादो और मार्गशीर्ष को माघ कहते हैं। उसी तरह वैशाख को बैसाख भी कहते हैं। बैसाख माह की पहली तिथि को मनाए जाने के कारण इस पर्व को बैसाखी नाम दिया गया है।

**हर प्रांत में अलग नामः** बैसाखी पर्व, पंजाब के साथ-साथ कई अन्य प्रांतों में भी मनाया जाता है। असम में इसे बीहू, बंगाल में पोइला बैसाख, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु के नाम से मनाते हैं। असम में इसे रोंगाली विहु या वैशाख विहु के नाम से भी जानते हैं। जो नव वर्ष का पहला दिन होता है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य होता है, ईश्वर को अच्छी फसल देने के लिए धन्यवाद देना। *

पहेलियां / हर्ष रमेश

बच्चो, नीचे दी गई प्रत्येक पहेली में किसी शहर का नाम छिपा है। इनके नाम बताओ-

1. ऋषि है पर तप नहीं करता
केश लगाकर आगे बढ़ता।

2. कान है पर सुन नहीं सकता
पुर की पूंछ पकड़ कर रहता।

3. हाथ है पर करता नहीं काम
रस है पर पीता नहीं श्याम।

4. हरि है पर नहीं है देवता
द्वार पर ही हरदम रहता।

उत्तर: 1.ऋषिकेश, 2.कानपुर, 3.हाथरस, 4.हरिद्वार

# श्याम का गांव



श्याम बहुत ही खुशी-खुशी गांव से शहर इस इरादे से आया कि यहां वह बहुत ही अच्छे से पढ़ाई करेगा। लेकिन शहर में उसने जो देखा, उसका मन खिन्न हो गया। उसे अपना गांव बहुत ज्यादा याद आने लगा। श्याम का मन शहर में क्यों खिन्न हो गया? तो क्या वह वापस अपने गांव लौट गया?

कहानी
कल्लोल चक्रवर्ती

श्याम को शहर आए दूसरा दिन है। चाचा उसे आज चिड़ियाघर ले जाने वाले हैं, लेकिन वह खुश नहीं है। गांव से आते हुए वह शहर के बारे में सोचकर बहुत खुश हो रहा था कि यहां वह अच्छे से स्कूल में पढ़कर बड़ा आदमी बनेगा। लेकिन शहर आकर उसका सारा उत्साह खत्म हो गया। श्याम यही सोच रहा था, इससे अच्छा तो उसका गांव है। शहर में चारों ओर बहुत गंदगी है। बस एक छोटे से कमरे में पिता जी और चाचा रहते हैं। इसी कमरे में खाना भी बनता है। दरवाजा खोलते ही बदबू आती है। मां दरवाजा बंद करके रोटी बनाती है। आज सुबह पास के सुलभ शौचालय से लौटने के बाद से ही श्याम का मन घिना रहा है। ऐसी जगह रहने के लिए वह गांव छोड़कर नाहक ही आ गया। श्याम को रह-रह अपनी दादी की याद आ रही है। गांव में भूरी गाय उसके बिना रोटी नहीं खाती। रोटी के इंतजार में शायद वह अब भी उसका रास्ता देख रही होगी। श्याम का बस चलता, तो अभी गांव लौट जाता। उसे बहुत जोर से रोना आ गया।

श्याम को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वह अपने मन की बात किससे कहे? पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं थी। मां बहुत देर से उसका चेहरा देख रही थी। क्या मां को पता चल गया कि उसका मन शहर में बिल्कुल नहीं लग रहा है, वह वापस जाना चाहता था? श्याम को याद आता है, शाम होते ही सारे दोस्त कभी तालाब के किनारे, तो कभी आम के बागान में खेलते हैं। यहां तो कोई दोस्त ही नहीं है। सुबह अपनी उम्र के एक लड़के से भेंट हुई। सोनू नाम था उसका। श्याम को लगा कि कम से कम खेलने के लिए एक साथी तो मिल गया। उसने उस लड़के से हंसकर कहा, 'यहां शहर में तुम कौन-कौन से खेल खेलते हो भाई?' सोनू ने उसे अजीब निगाहों से घूरा और बोला, 'मेरे पास खेलने का टाइम नहीं है। सुबह चार बजे उठकर दो मोहल्लों में अखबार बांटता हूं। पहले एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन उम्र कम होने के कारण वहां से हटा दिया। अब नुक्कड़ के रामू चायवाले की दुकान पर काम करता हूं।'

श्याम उसका मुंह देखता रह गया। सोनू को जब पता चला कि श्याम शहर के स्कूल में पढ़ने के लिए गांव से आया है, तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने श्याम को बताया, 'बस स्टैंड के पास वाले सरकारी स्कूल में मैंने कुछ दिन पढ़ाई की थी। मास्टर मारते बहुत थे। मां के बीमार होने के बाद मैंने पढ़ाई छोड़ दी।'

श्याम को देखकर आश्चर्य हुआ कि सड़क पर गायों का झुंड है। वे कूड़ों के ढेर में मुंह डाल रही थीं। उसे यह देखकर बुरा लगा। इतनी सारे गायें किसकी हैं? उसके गांव में गायें खूंटे से बंधी रहती हैं। श्याम सोचता है, 'गांव का भोलू कुत्ता यहां के कुत्तों से अच्छा है। खाना खाने के बाद जब भी वह आवाज लगाता है, भोलू उसके पास आकर पूंछ हिलाने लगता है। क्या भोलू भी उसे ढूंढ़ रहा होगा? सुबह मां गांव चली जाएगी, तो इस अंधेरे कमरे में उसे अकेले रहना पड़ेगा। कैसे रह पाएगा वह?' श्याम को यह सोचकर रोना आ रहा था। उसे पूरी रात नींद नहीं आई। उसे चिंता हुई, मां के बिना वह कैसे रह पाएगा? सुबह रोटी बनाते हुए मां ने श्याम को आवाज लगाई, 'उठ, तैयार हो जा।' पिता जी ने पूछा, 'क्यों तैयार होगा वह? मैं तुम्हें गांव छोड़कर कल आ जाऊंगा।' मां तुरंत बोली, 'मेरा बेटा यहां नहीं रह पाएगा। रात भर वह रोता रहा। गांव में ही वह पढ़ाई करेगा।' पिता जी कुछ देर मां की ओर देखते रहे। फिर धीरे-धीरे रोटी खाने लगे।

मां की बात पर श्याम को पहले विश्वास ही नहीं हुआ। मां ही तो उसे शहर में पढ़ाना चाहती थी। अब वही गांव लौटने के लिए कह रही है। मन ही मन खुश श्याम गांव जाने के लिए तैयार होने लगा। *

कविता / करुणा पांडे

## गूगल दादा


गूगल दादा गूगल दादा, उत्तर हमें बता दो।
कल परीक्षा है हमारी, पाठ याद करवा दो।।
प्रश्न का उत्तर दे सकता हूं, याद तुम्हें है करना।
मैं मशीन वाला दादा हूं, याद सदा ये रखना।।
तुम भी दादा वह भी दादा, क्या अंतर है भाई।
मेरे दादा-दादी ने कई, कविता याद कराई।।
दादा-दादी हैं इंसान, भाव संस्कार भरे हैं।
जितना फीड किया मशीन में, उतना काम करे है।।
गूगल दादा गूगल दादा, तुम से कट्टी कर लेंगे।
अपनी दादी नानी की, गोदी में सर रख पढ़ लेंगे।।



मैं मशीन हूं नेट से चलता, काम करूंगा प्यार नहीं।
इस दुनिया में प्यारे बच्चो, दादी मां सा दुलार नहीं।।
मां-पापा से यही प्रार्थना, सीखो खुद और बताओ।
दया सत्य का पाठ सदा ही, दादी-नानी संग पाओ।।

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चो, यहां कुछ एनिमल्स के चित्र और उनकी परछाइयां दी गई हैं। तुमको चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

## जीके क्विज-149

1. एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश हरियाणा और पंजाब दो राज्यों की राजधानी भी है?
4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
5. दुनिया का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
6. भारत में सबसे पहले अंडरग्राउंड ट्रेन कहां चली थी?
7. दुनिया का सबसे छोटा देश कौन-सा है?
8. किस मुगल शासक ने फतेहपुर सीकरी की स्थापना की थी?
9. भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौन-सी है?
10. 'मधुशाला' किसकी रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-149 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-148 का उत्तर :** 1.विनोद कुमार शुक्ल, 2.क्रिकेट, 3.नायब सिंह सैनी, 4.चाड, 5.गुरु रामदास, 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.प्रोपेन और ब्यूटेन, 8.सहारा मरुस्थल, 9.टोकोफेरॉल, 10. 18 अप्रैल

**जीके क्विज-148 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अमन-रायपुर, दीपक-बिलासपुर, कशिश-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, कुणाल-रोहतक

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने हेरोइन सहित एक युवक किया काबू

**कालांवाली।** पुलिस ने गांव तारूआना के सुखचैन रोड क्षेत्र से एक युवक को 8 ग्राम 4 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी बिरेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अमरीक के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव तारूआना के सुखचैन रोड क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर वापस मुडक़र भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 8 ग्राम 4 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि पकड़े गये आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### हनुमान जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

**ओढां।** ओढ़ा में हनुमान जयंती पर श्री दुर्गा भजन मंडल की तरफ से श्री सालासर यात्रा संघ की तरफ से दुर्गा भजन मंडल व गांववासियों के सहयोग से गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नैशनल हाइवे, नुहियावालीं रोड, खाटू श्याम मंदिर, ग्रीन मार्केट, बस स्टैंड, साहू मार्केट, नई अनाज मंडी, जलालआना रोड, थाना रोड, कालांवाली रोड व गांव की मुख्य गालियों से होते हुए वापस पुरानी अनाज मंडी में आकर संपन्न हुई। इस अवसर पर श्री सालासर यात्रा संघ के प्रधान हरिराम गोयल, सतीश गर्ग, सुरेन्द्र बांसल, रामलाल गर्ग, धर्मेंद्र रत्ती, रतन लाल गर्ग, राकेश गर्ग हैप्पी, दर्शन सिंह, जॉनी, पुजारी प्रवीण शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### धार्मिक भ्रमण के लिए श्रद्धालुओं की बस रवाना

**सिरसा।** श्री रामदूत सेवा मंडल की ओर से धार्मिक स्थानों की यात्रा के लिए रात्रि को बस रवाना की गई। बस द्वारा श्रद्धालुओं को सिरसा से सालासर व खाटू श्याम का भ्रमण करवाया जाएगा। धार्मिक यात्रा के लिए बस को समाजसेवी कपिल अनेजा, चंडीगढ़ से सूरजभान व चंद्र मोहन संयुक्त रूप से ने झंडी देकर रवाना किया। जानकारी देते हुए करियाणा एसोसिएशन सिरसा के प्रधान सतीश शर्मा ने बताया कि श्रीराम दूत सेवा मंडल की ओर से हर माह श्रद्धालुओं को इन धार्मिक स्थलों का बिना लाभ-हानि के भ्रमण करवाया जाता है। पिछले 15 सालों से ये सेवा चली आ रही है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान सेवा मंडल की ओर से सेवा के तौर पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन, चाय व रहन-सहन की भी व्यवस्था की गई।

### साइबर ठगीः पुलिस कर रही जागरूक

**डबवाली।** साइबर ठगी को लेकर पुलिस व बैंक लोगों को जागरूक करते हैं। इस संबंध में अखबारों में भी छपता है और संदेश भी आते हैं, लेकिन इसके बावजूद लोग साइबर ठगों के झांसे में आ जाते हैं। ताजा मामला वार्ड नंबर 13 की एक महिला के साथ हुआ। सोनिया मित्तल नामक इस महिला को साइबर ठग ने अपनी बातों में उलझाकर करीब 60 हजार का चूना लगाया। पुलिस अब साइबर ठगों का पता लगाने में जुटी है। सोनिया पत्नी अमित मित्तल निवासी वार्ड न. 13 मण्डी डबवाली का कहना है कि वह एक गृहिणी है।

### महावीर जयंती के अवसर पर अनेकों जगह पर कार्यक्रम का आयोजन

# गुस्सा, घमंड, लालच, ईर्ष्या और मोह मनुष्य के असली शत्रु : डॉ. शिवप्रज्ञा

- कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। महावीर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

महावीर जयंती के अवसर पर एसएस जैन सभा, श्याम नगर रतिया चुंगी, फतेहबाद में बड़ी दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा प्रेरिका साध्वी डॉ. शिव प्रज्ञा महाराज ने अपने प्रवचन में जैन धर्म के मूल सिद्धांतों और महावीर भगवान के जीवन के बारे में बताया।

उन्होंने अपने प्रवचनों से युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में फतेहाबाद के प्रमुख समाजसेवी देवीदयाल तायल, प्रसिद्ध उद्योगपति राजकुमार जिंदल, प्रमुख समाजसेवी कुलजीत कुलडिय़ा, विनोद तायल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. शिव प्रज्ञा महाराज की आज्ञा अनुसार जैन समाज द्वारा भामाशाह देवी दयाल तायल, प्रसिद्ध उद्योगपति राजकुमार जिंदल, एसएस जैन सभा श्याम नगर फतेहाबाद के प्रधान सुरेंद्र मित्तल को समाज रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया वहीं अग्रोहा विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष नेहा मित्तल को नारी रत्ना से अलंकृत किया गया। जैन साध्वी डॉ. शिव प्रज्ञा महाराज ने सभी अतिथियों को सम्मानित करते हुए आशीर्वाद दिया।

डॉ. शिव प्रज्ञा महाराज ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने अपने पूरे जीवन में शांति, करूणा और अहिंसा के सिद्धांतों का प्रचार किया। उनका जीवन न केवल जैन धर्म के अनुयायियों बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणादायक है। उनका कहना था कि बाहर कोई भी हमारा शत्रु नहीं है। असली शत्रु तो गुस्सा, घमंड, लालच, ईर्ष्या मोह है और ये सभी हमारे मन में ही रहते हैं। हमें इन्हीं से बचना है।

इस अवसर पर एसएस जैन सभा श्याम नगर फतेहाबाद के प्रधान सुरेंद्र मित्तल, अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिला अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेविका नेहा मित्तल, भाजपा के जिला महामंत्री अशोक जाखड़, जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़, विकास शर्मा, विजय जांगड़ा, जैन सभा के वरिष्ठ उप प्रधान विनोद मित्तल, उप प्रधान मुकेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष कुलदीप, सह सचिव कृष्ण मोंगा, पीसी मित्तल, प्रवीण जैन, नवल जैन, रवि जैन, टोनी मित्तल गता फैक्ट्री वाले सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान से हजारों की संख्या में भक्तों ने आकर के गुरु दर्शनों का लाभ लिया।

## सत्य, अहिंसा और आत्मसंयम का संदेश देता है जैन धर्म : बराला

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि यह अवसर न केवल जैन समाज के लिए, बल्कि पूरे मानव समुदाय के लिए सत्य, अहिंसा और आत्मसंयम की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने अपने जीवन के माध्यम से यह संदेश दिया कि सच्चाई और करुणा ही मानव जीवन का आधार है। जैन धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मः आज भी विश्व में शांति और समरसता स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा सुख भौतिक संपत्ति में नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और संयम में निहित है। जैन धर्म न केवल व्यक्तिगत उन्नति का मार्ग दिखाता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सभी जीवों के प्रति दया का संदेश भी देता है।



सिरसा। समारोह के दौरान उपस्थित जैन संत अनुपम मुनि व जैन श्रद्धालु।

## भगवान महावीर का जन्मदिवस जन्म कल्याणक महोत्सव के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

कालांवाली में स्थित गुरू प्रेमसुख महाराज की स्माधि स्थल और एसएस जैन सभा में भगवान महावीर का 2623वां जन्मदिवस जन्म कल्याणक महोत्सव के रूप में मनाया गया। समारोह जैन संत अनुपम मुनि के सानिध्य में मनाया गया। जैन स्थानक में भक्तिमय माहौल में भगवान महावीर स्वामी और अन्य तीर्थंकर भगवंतों का मंत्रोच्चार के साथ विशेष अभिषेक किया गया। कार्यक्रम का समापन महा आरती के साथ हुआ। समारोह में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। साथ ही उनके बताए सद्मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा की। समारोह के दौरान जैन संत अनुपम मुनि ने बताया कि महावीर स्वामी का जीवन त्याग, तपस्या, और आत्मविकास की प्रेरणा देने वाला रहा है। उनके उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने सदियों पहले थे। हम अक्सर सोचते हैं कि छोटी-छोटी गलतियां या नकारात्मक आदतें कोई बड़ा असर नहीं डालतीं, लेकिन यही छोटे दोष हमारे जीवन को डुबो सकते हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या और नशा ये सभी हमारे भीतर ऐसे छेद करते हैं जो आत्मा की शुद्धता को नष्ट कर देते हैं। महावीर जयंती आत्मनिरीक्षण का अवसर है। इस दिन हम अपने भीतर झांक सकते हैं, और देख सकते हैं कि कहीं हमारे मंडल यानी मन में कोई छेद तो नहीं। छोटा छेद भी नाव को डुबो सकता है, और छोटी सी बुराई भी जीवन को बिगाड़ सकती है। भगवान महावीर का ये संदेश अपने जीवन में उतारेंगे तो सभी परेशानियों से दूर रहेंगे।

# धन्ना भगत जयंती पर 20 को पालवां में होगा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम : बराला

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि शिरकत करेंगे
- सांसद ने जिले के नागरिकों को दिया कार्यक्रम के लिए निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।



फतेहाबाद। कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद सुभाष बराला।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि भगत शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह 20 अप्रैल को जींद जिले के गांव पालवां में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम से पहले भगत शिरोमणि धन्ना भगत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सांसद सुभाष बराला वीरवार को फतेहाबाद में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का निमंत्रण देते हुए बराला ने कहा कि संत किसी एक विशेष जाति के नहीं होते। हमें उन महापुरूषों के दिखाए गए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास और उत्साह बढ़ेगा और विकास के संकल्प को ल मिलेगा। उन्होंने उपस्थितजनों को जल संरक्षण, जमीन की उपजाऊ क्षमता बढ़ाने, पर्यावरण व संस्कृति को बचाए रखने का भी संकल्प दिलवाया।

बराला ने कहा कि 14 अप्रैल को ही डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती है और इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार आएंगे और प्रदेशवासियों को सौगात देंगे। इस दिन प्रधानमंत्री हिसार हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और हिसार से हवाई जहाज को झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना भी करेंगे। उन्होंने उपस्थितजनों को इस कार्यक्रम में भी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम, हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुलां, जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर अपने विचार रखे।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर रिंकूमान, किसान मोर्चा अध्यक्ष भीम लांबा, महिला नेत्री पूनम सिंगला, मंडल अध्यक्ष जसवंत माचरा, कंवल चौधरी, रमेश भांभू, ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन बंसीलाल, महेंद्र कुलडिय़ा, जिले सिंह बराला, गुरदीप सिंह, लायक राम गढ़वाल, औम प्रकाश ठुईयां, सूरजभान घसो, सुबे सिंह ढाका, नायब सिंह मंडेर, जगदीश भादू, सरपंच बंसीलाल, छोटू राम, बलजीत सिंह, सुरेंद्र, भीम, विनोद श्योराण, सुखदेव, डॉ. पृथ्वी सिंह उपस्थित रहे।

# विश्व होम्योपैथिक दिवस पर भोडिया खेड़ा में नि:शुल्क शिविर आयोजित

- जटिल बीमारियां जैसे एलर्जी, चर्म रोग, मोटापा, गठिया आदि की चिकित्सा दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। भोडिया खेड़ा में निशुल्क चिकित्सा शिविर में जानकारी देते आयुष विभाग के डॉक्टर।

आयुष विभाग द्वारा विश्व होम्योपैथिक दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम सचिवालय, भोडिया खेड़ा में किया गया। इस कैंप में होम्योपैथी, आयुर्वेद और योग द्वारा चिकित्सा सेवाएं दी गई। कैंप में जटिल बीमारियां जैसे एलर्जी, चर्म रोग, मोटापा, गठिया आदि की चिकित्सा दी गई तथा जच्चा-बच्चा संबंधित परामर्श एवं घरेलू नुस्खे द्वारा रोगों की रोकथाम परामर्श दिया गया। इसके अलावा ग्रामीणा को जिला योग विशेषज्ञ एवं योग सहायकों की टीम द्वारा योगा सेशन भी दिया गया, जिसमें विभिन्न लोगों को विशेष कर सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटनों के दर्द, आंख, नाक, गला संबंधित, डायबिटीज, थाइरॉएड आदि जटिल बीमारियों से संबंधित क्रियाएं करवाई गई।

आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिक्षा द्वारा खून की कमी एवं उसे नियंत्रित करने पर सुझाव दिया गया। उन्होंने कहा कि रक्त अल्पता के कारण हमारा शारीरिक विकास रुक जाता है जिसे दूर करना अति आवश्यक है इसके लिए संतुलित भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करना अति आवश्यक है। डॉ. कल्पना द्वारा कन्या भ्रूण हत्या के बारे में स्थानीय जन को जागृत किया गया। उन्होंने बताया कि भारत में गर्भावस्था में भ्रूण जांच अपराध है। महिलाएं हमारे समाज की नींव का निर्माण करती है उनकी रक्षा करना आज के समाज की आवश्यकता है। कैंप में लगभग 300 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर डॉ. जसविंदर, डॉ. कल्पना, डॉ. शकुंतला, डॉ. शिक्षा, डॉ. मीना, योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा, होम्योपैथिक डिस्पेंसर रमेश, रहीश, पुष्कर, ममता, योग सहायक ज्योति, संजय, सतबीर, मनोज, पंकज आदि उपस्थित रहे।



सिरसा। महिलाओं को जागरूक करते आंगनवाड़ी वर्कर।

### आंगनवाड़ी केंद्र में लगाया रेडीनैस मेला

**सिरसा।** शहर के जेजे कॉलोनी में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राईमरी स्कूल में स्थित आंगनवाड़ी में रेडीनैस मेला लगाया गया। इस मौके पर आंगनवाड़ी वर्कर मधु बाला ने बताया कि इस कार्यक्रम में मोहल्ले की महिलाओं को आमंत्रित किया गया और उन्हें अपने बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र में भेजने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर अभिभावकों को केंद्र में होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया गया। बच्चों का शारीरिक, मानसिक भाषा बौद्धिक व रचनात्मक विकास किस प्रकार से किया जा सकता है, के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि बच्चे को 5 साल तक आंगनवाड़ी केंद्र में भेजा जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों को सरकार प्ले स्कूलों में बदल रही है। बच्चों के विकास के लिए सरकार खिलौने, पुस्तक व अन्य सामग्री दे रही है, ताकि खेल-खेल में बच्चों का विकास हो सके।

# विकलांग व्यक्ति से बंधुआ मजदूरी करवाने की शिकायत मिलने पर प्रशासन में मचा हड़कंप

- एसडीएम ने गांव में जाकर की जांच शिकायत पाई गई झूठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। विकलांग व्यक्ति के बयान दर्ज करते हुए एसडीएम सुरेश कुमार।

उपमंडल के गांव ढाणी बिलासपुर में एक विकलांग व्यक्ति को बंधुआ मजदूर बनकर काम करने की शिकायत मिलने पर उप मंडल प्रशासन में हडक़ंप मच गया। उपायुक्त के निर्देशों पर वीरवार को एसडीएम सुरेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक सहित मामले की जांच करने के लिए गांव ढाणी बिलासपुर में पहुंचे जहां पर जब उन्होंने उक्त व्यक्ति के बयान दर्ज किया तो व्यक्ति ने बंधुआ मजदूरी की बात से इनकार कर दिया। इसके बाद शिकायत झूठी पाई गई और एसडीएम ने जांच रिपोर्ट बनाकर जिला उपायुक्त को भेज दी। मिली जानकारी के अनुसार जिला उपायुक्त मनदीप कौर को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक विकलांग व्यक्ति की वीडियो बनाकर भेजी गई। इसमें आरोप लगाया गया कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा उक्त विकलांग व्यक्ति को बंधुआ मंजूर बनाकर पिछले कई सालों से मजदूरी का काम करवाया जा रहा है और उसे मजदूरी भी नहीं दी जा रही। इस पर उपायुक्त ने एसडीएम सुरेश कुमार को तुरंत जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला उपायुक्त के निर्देशों पर एसडीएम सुरेश कुमार ने नायब तहसीलदार बीडीपीओ थाना अध्यक्ष की एक कमेटी बनाकर जांच के लिए मौके पर भेज दिया। जब जांच कमेटी ने गांव ढाणी बिलासपुर पहुंचकर वीडियो में पाए गए व्यक्ति से जाकर मौके पर बात की तो उसने बंधुआ मजदूरी की बात इनकार करते हुए कहा कि वह अपनी मर्जी से ही गांव के व्यक्ति के पास मजदूरी कर रहा है और उससे कोई बंधुआ मजदूरी नहीं करवाई जा रही। इसकी रिपोर्ट कमेटी ने एसडीएम के पास भेज दी। रिपोर्ट मिलने के बाद इसकी पुष्टि करने के लिए एसडीएम सुरेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक व टीम के साथ गांव ढाणी बिलासपुर पहुंचे और विकलांग व्यक्ति से बातचीत की।

### हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा



**सिरसा।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में वीरवार को नगर में बालाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। हाथों में भगवा ध्वजा धारण किए श्रद्धालु बालाजी महाराज के जयकारों से आगे बढ़ रहे थे। श्री सालासरधाम मंदिर कमेटी की ओर से चार दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्वस के उपलक्ष्य में इस शोभायात्रा का आयोजन किया गया। बेगू रोड पर महाराजा अग्रसेन स्कूल से शोभायात्रा पूजा अर्चना और मंत्रोचारण के साथ शुरू हुई। इस दौरान भव्य झांकियां सजाई गई थी। विभिन्न बैंड पार्टियों ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से भव्य स्वागत किया गया। अनेक स्थान पर जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ-साथ मंदिर का खजाना भी वितरित किया गया, जिसे लोगों ने बड़ी श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए शोभायात्रा देर सायं श्री सालासर धाम मंदिर पर सम्पन्न हुई। इस मौके पर मंदिर कमेटी के प्रधान गोपाल सर्राफ, राधेश्याम झूंथरा, कृष्ण गोयल, सत्यप्रकाश गोयल, राजकुमार गोयल, अमित बांसल, नंदकिशोर लढ़ा, पुरुषोत्तम दास, संजीव जैन एडवोकेट सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# महिला थाना पुलिस टीम ने नशे के दुष्प्रभाव बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक करती पुलिस टीम।

महिला थाना पुलिस टीम स्कूल, कॉलेज एवं चौक चौराहों पर जाकर सेमिनार लगाकर आमजन को जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में वीरवार को थाना प्रभारी कमला ने अनाज मंडी में जागरूकता सेमिनार लगाकर नशे के बारे में जागरूक किया। थाना प्रभारी ने बताया कि जिला पुलिस की टीमें आमजन को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए जागरूकता कैंप लगा रही है जिसमें आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान करके जागरूक किया जा रहा है। शराब, अफीम, गांजा आदि नशीली दवाओं का सेवन हमारे जीवन के लिए बहुत हानिकारक है। नशे के दुष्प्रभाव का सीधा असर हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। इन दवाओं का अधिक सेवन करने से शरीर के विभिन्न अंग और अंगों के साथ-साथ दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है। नशा के दुष्प्रभाव व्यक्ति, परिवार और समाज को प्रभावित करते हैं। नशीली दवाओं का सेवन स्वास्थ्य, व्यक्तित्व, शिक्षा, संबंध और आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालता है । नशा एक समस्या है जिसका समाधान हेतु शिक्षा, उच्चतम स्तर की जागरूकता और सभी की सहयोग की जरूरत होती है।

**बैठक** पीएमएफएमई योजना की जिला स्तरीय बैठक आयोजित, कार्य प्रगति की समीक्षा

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध अवधि में करें पूरा : एडीसी

- अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए, प्राथमिकता से करें कार्यवाही
- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पीएमएफएमई की जिला स्तरीय कमेटी बैठक को संबोधित करते एडीसी अनुराग ढालिया। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण सूक्ष्म इकाईयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत शुरू की गई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। संबंधित विभाग योजना के तहत मिले निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्ति के लिए गंभीरता से कार्य करें। इसके साथ ही बैंक योजना के पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता के साथ ऋण उपलब्ध करवाते हुए योजना के बारे में लोगों को जागरूक करें।

एडीसी लघु सचिवालय स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की जिला स्तरीय कमेटी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत अधिकतम 10 लाख रुपये तक का अनुदान सहायता के रूप में परियोजना के लिए प्रदान किया जाता है, जिसमें 35 प्रतिशत सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना से संबंधित विभाग योजना के तहत आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करें, ताकि जिला में प्राप्त लक्ष्यों को निर्धारित अवधि में पूरा किया जा सके।

**ये रहे मौजूदः** बैठक में जिला एमएसएमई के सहायक निदेशक गुरप्रताप सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीडीएएच डॉ. सुखविंद्र सिंह, एलडीएम संजय कुमार, डीएचओ डॉ. श्रवण कुमार, एमएसएमई कार्यालय से रमेश, एबीपीओ जगजीत आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आढ़ती की जेब से 50 हजार रुपये चोरी

**सिरसा।** ऐलनाबाद पुलिस ने गांव रामपुरा निवासी इकबाल मोहम्मद पुत्र अल्लास मोहम्मद की शिकायत पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में इकबाल ने बताया कि उसकी ऐलनाबाद अनाज मंडी में आढ़त है। वह आढ़ती से 50 हजार रुपये लेकर ऐलनाबाद बाजार में घड़ी ठीक करवाने के लिए गया। वहां दुकान पर दो अनजान युवक भी उसके साथ-साथ दुकान में घुसे थो।

### महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ केस

**सिरसा।** महिला थाना सिरसा पुलिस ने पूर्णिमा देवगण की शिकायत पर उसके पति शुभम तनेजा निवासी तलवाड़ाखुर्द के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 498ए, 506 के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में पूर्णिमा ने बताया कि उसकी शुभम के साथ 26 अक्टूबर 2020 को सिरसा में कोर्ट मैरिज हुई थी। महिला ने आरोपी पर उत्पीड़न का आरोप लगया है।

### आयुष विभाग ने लगाया चिकित्सा शिविर

**सिरसा।** आयुष विभाग हरियाणा द्वारा होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ सैमुअल्स हनिमेन के जन्मदिवस पर विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष में नागरिक अस्पताल में निशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ राज कुमार गंडा शामिल हुए।

### छात्र के साथ साइबर ठगी खाते से 40 हजार साफ

**सिरसा।** ओढां पुलिस ने पन्नीवालामोटा स्थित इंजीनियरिंग कालेज के छात्र अरिहंत पुत्र अमित भारती की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पीड़ित की ओर से बताया गया कि उसका एसबीआई में खाता है। इस खाते से गुगल पे एप जुड़ा हुआ है। उसने बताया कि 29 मार्च की सायं पौने आठ बजे उसके खाते से ओमनिया बोटोक्स नाम फर्म के नाम 40 हजार रुपये ऑटो डेबिट हो गए। जबकि उसका उक्त फर्म से कोई लेनादेना नहीं है।

### बाइक चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों की धरपकड़ करते हुए जाखल पुलिस ने कुछ ही घंटों में दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरीशुदा मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया है। पकड़े गए युवकों की पहचान सोनू पुत्र बलबीर सिंह निवासी जाखल व राजू उर्फ बच्ची पुत्र कृष्ण निवासी फतेहपुरी के रूप में हुई है।

### जोहड़ से मछलियां पकड़ रहे युवक पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के गांव ढाण्ड में जोहड़ से मछलियां पकड़ रहे एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने मौके पर पकड़ लिया और मछलियों को वापस जोहड़ में डलवा दिया। इस मामले में गांव के सरपंच द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। जोहड़ से लक्ष्मण नाम का युवक मछलियां पकड़ रहा था।

### तीन युवतियां लापता तलाश में जुटी पुलिस

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियों के लापता होने का समाचार है। तीनों मामलों में परिजनों द्वारा सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव किरढ़ान निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 22 साल की लडक़ी गत दिवस गांव में स्थित लाइब्रेरी में पढने की बात कहकर घर से गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने जवाहर चौक, नजदीक बड़ा गुरूद्वारा के पास रहने वाली एक महिला की शिकायत पर उसकी 18 साल की लडक़ी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

---

### लेबर व ट्रांसपोर्ट के टेंडर न होने से विभाग पर ही उठ रही हैं अंगुलियां

# डीएफएससी की खरीद को लेकर सांसद से मिले आढ़ती, बताया नफा-नुकसान

### बराला ने कहा: सरकार से बात कर डीएफएससी की खरीद शुरू करवाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** खेतों में तैयार गेहूं की फसल। *फोटो : हरिभूमि*

फतेहाबाद की अनाज मण्डी में गेहूं की सरकारी खरीद एजेंसी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को दिन अलॉट न करने का मामला दिनों-दिन तूल पकड़ता जा रहा है। अनाज मण्डी के आढ़तियों का कहना है कि डीएफएससी खरीद एजेंसी के बिना यहां गेहूं की खरीद व उठान होना बड़ा मुश्किल काम है जबकि प्रदेश सरकार ने फतेहाबाद की बजाय अन्य खरीद केन्द्रों पर इस एजेंसी को दिन अलाट कर दिया है। इस मामले को लेकर आढ़ती वीरवार को व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू के नेतृत्व में सांसद सुभाष बराला से मिले। बराला ने उन्हें आश्वासन दिया कि फतेहाबाद में डीएफएससी की खरीद जरूर होगी। बता दें कि फतेहाबाद व्यापार मंडल व आढ़तियों ने चेतावनी दे रखी है कि अगर डीएफएससी फतेहाबाद मण्डी में गेहूं की खरीद नहीं करती है तो न तो खरीद करेंगे और न ही खरीद होने देंगे। इसके विपरीत आढ़ती हड़ताल पर चले जाएंगे। व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू का कहना है कि खरीद एजेंसी हैफेड व वेयर हाऊस के पास डीएफएससी जितने संसाधन नहीं है। अगर डीएफएससी खरीद नहीं करती तो यहां किसानों को कई-कई दिन फसल बेचने के लिए बैठना पड़ेगा। ऐसा पूर्व के सीजन में भी देखने को मिला है। व्यापारियों ने पिछले दिनों डीसी व डीएफएससी से भी मुलाकात कर खरीद शुरू करवाने की मांग रखी थी। वीरवार को सांसद सुभाष बराला फतेहाबाद पहुंचे तो जाट धर्मशाला में व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारी उनसे मिले और पूरे नफा-नुकसान के बारे में बताया। जगदीश भादू ने बताया कि सांसद सुभाष बराला ने आश्वासन दिया है कि वह इस बारे सरकार से बातचीत करके डीएफएससी की खरीद शुरू करवा देंगे। उधर, वीरवार तक भी लेबर व ट्रांसपोर्ट के टेंडर न होने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग पर भी अंगुलियां उठने लगी हैं। इस ठेके से जुड़े एजेंट, ठेकेदार व ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि जानबूझ कर एक सोची-समझी चाल के तहत ठेकेदारों से रेट ज्यादा भरवाए गए। अब क्योंकि गेहूं का सीजन सिर पर है, किसी तरह का रिस्क नहीं लिया जा सकता। ऐसे में सरकार को इन ठेकेदारों के आगे झुकना ही पड़ेगा। आरोप लग रहे हैं कि अधिकारी भी इनसे मिले हुए हैं।



**सिरसा।** अनाज मंडियों का निरीक्षण करते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## अधिकारियों ने किया अनाज मंडियों का निरीक्षण

- खरीद कार्य का जायजा लेकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिले में सरसो और गेहूं की फसल खरीद का कार्य जोरों पर है। ऐसे में किसानों को फसल बेचने के दौरान मंडियों में कोई परेशानी न आए, यह सुनिश्चित करने के लिए वीरवार को एसडीएम अर्पित संगल, राजेंद्र कुमार, पारस भागोरिया और सीटीएम यश मलिक व डीएफएससी मुकेश कुमार ने मंडियों व फसल खरीद केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाएं जानी। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद आढ़तियों, किसानों-मजदूरों से बातचीत कर समाधान के निर्देश दिए।

### अनाज मंडी व गोदामों का किया निरीक्षण

डबवाली एसडीएम अर्पित संगल ने डबवाली अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाएं जानी। उन्होंने हरियाणा राज्य भंडारण निगम के चौटाला और अबूबशहर स्थित गोदामों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने मंडी में खरीद एजेंसियों से खरीद और किसानों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी मांगी, इस पर अधिकारियों ने अनाज मंडियों में मूलभूत सुविधाएं और किसानों को

## बाबा साहिब की जयंती की तैयारी में जुटी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में बीजेपी कार्यकर्ता 13 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्तियां धोएंगे और इसके बाद 14 अप्रैल को इन्हीं मूर्तियों पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब को नमन किया जाएगा। वीरवार को भाजपा जिला प्रधान प्रवीण जोड़ा द्वारा सेवा कार्यों का शेड्यूल जारी किया गया है। शैड्यूल के मुताबिक बीजेपी के प्रमुख कार्यकर्ता 11 व 12 अप्रैल को प्रत्येक गांव व बस्तियों में जाएंगे। बूथ समितियों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

इसके बाद वहां सेवा कार्य करेंगे। 13 अप्रैल को बाबा साहेब की मूर्तियों को साफ करके उन्हें पानी से धोएंगे। अगले दिन 14 अप्रैल को बाबा साहेब का नमन करके हिसार जाएंगे। बीजेपी के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि तीन दिन तक प्रमुख कार्यकर्ता लोगों की समस्याओं का निपटान करवाने सहित कई सेवा कार्य करेंगे। 14 अप्रैल को सुबह भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों पर माल्यार्पण करके नमन करने के बाद कार्यकर्ता हिसार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन पर होने वाली सभा में शामिल होने जाएंगे। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि हिसार में एयरपोर्ट बनने से फतेहाबाद को भी काफी लाभ होगा।

## भूमि सौदे में साढ़े चार लाख की ठगी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौपटा पुलिस ने गांव रंधावा निवासी राज सिंह पुत्र कल्याण सिंह की शिकायत पर इसी गांव निवासवी योगिंद्र सिंह पुत्र गंगा सिंह व उसकी मां पुष्पा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

अपनी शिकायत में राज सिंह ने बताया कि योगिंद्र सिंह ने अपनी प्रोपर्टी बेचने का सौदा 11 लाख में किया और साईं के रूप में साढ़े चार लाख रुपये प्राप्त किए। इस बारे में चौपटा सब रजिस्ट्रार के समक्ष इकरारनामा रजिस्टर्ड करवाया गया। उक्त प्रोपर्टी पर एक्सिस बैंक का 457250 रुपये का लोन था। इकरारनामा की शर्तों के अनुसार योगिंद्र सिंह को उक्त लोन को चुकता करना था।

इकरारनामा के तहत प्रोपर्टी की रजिस्ट्री 1 नवंबर 2021 को करवाई जानी थी, चूंकि उसने बैंक का लोन नहीं चुकाया, इसलिए रजिस्ट्री की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की। इस बारे में तारीख बढ़ाकर 3 अक्टूबर 2022 तय कर दी। शिकायत में बताया कि मां-बेटे ने प्रोपर्टी का सौदा अश्वनी कुमार निवासी भुरटवाला से किया।

## सेफ हाउस का किया निरीक्षण

- सीजेएम ने किया सेफ हाउस व बाल भवन का निरीक्षण, सुविधाओं का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** बाल भवन का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लेती सीजेएम गायत्री।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने सेफ हाउस व बाल भवन का निरीक्षण किया और वहां पर उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन करते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीजेएम ने सेफ हाउस में रह रहे प्रेमी जोड़ों से उनको वहां पर आने वाली कठिनाइयों के बारे में पूछताछ की व उनको दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। मौजूदा समय में सेफ हाउस में दो जोड़ा सुरक्षा लिए हुए है व वहां उनके रहने के लिए तीन कमरे उपलब्ध है। सीजेएम गायत्री ने बाल भवन का निरीक्षण करते हुए वहां पर उपलब्ध रिकॉर्ड को भी जांचा। उन्होंने वहां उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीजेएम ने बाल भवन में संचालित सिलाई केंद्र, ब्यूटी पार्लर कोर्स, कंप्यूटर सेंटर का भी निरीक्षण किया व वहां विभागीय सुविधाओं व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

## सीडीएलयू में वालीबॉल मैच का आयोजन

- अहिल्या बाई होलकर जयंती पर सीडीएलयू में वालीबॉल मैच का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



**सिरसा।** विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 300वीं अहिल्या बाई होलकर जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। वभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर मोनिका वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में डेरा बाबा भूमणशाह के संत ब्रह्मदास महाराज व भाई कन्हैया आश्रम के मुख्य सेवक गुरविंदर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस मैच का उद्देश्य अहिल्या बाई होलकर के योगदान को सम्मानित करना और खेल के प्रति युवाओं में उत्साह और समर्पण को बढ़ावा देना था। बाबा ब्रह्म दास और गुरविंदर सिंह ने खेल के महत्व पर प्रकाश डाला और युवा खिलाडिय़ों को अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस वालीबॉल मैच में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 150 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें प्रतिस्पर्धा की भावना और खेल का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक मजबूती भी बढ़ती है, जो उनके समग्र विकास के लिए आवश्यक है।प्रोफेसर मोनिका द्वारा विजेता खिलाडिय़ों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रो. असीम मिगलानी, प्रो. ईश्वर मलिक, प्रो. हरीश रोहिल, डॉ अमित सांगवान, रिटायर्ड प्रिंसिपल राजकुमार तथा डा. तेजाराम बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

## टोहाना के जन औषधि केंद्र में लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

टोहाना में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र पर पिस्तौल के बल पर दुकानदार से हजारों की नकदी लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए पुलिस की टीम ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान अमरीक सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी बलरां जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। इस मामले में चार आरोपियों पंजाब के मानसा जिले के गांव कुलरिया निवासी बसाखा राम, जीता सिंह, संगरूर जिले के गांव बलरां निवासी गोरा तथा तोला बोला निवासी राजवीर को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 19 फरवरी को पुराना मॉडल टाऊन टोहाना निवासी सौरभ मित्तल की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी रेलवे रोड पर प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के नाम से दुकान है। शाम को वह दुकान पर बैठा था तो उसी दौरान 3 युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दवाई लेने के बहाने आए। इनमें से दो युवक दुकान के अंदर घुस गए जबकि एक युवक दुकान के बाहर मोटरसाइकिल पर बैठा रहा। दुकान में घुसे दोनों युवकों के मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। दुकान में घुसते ही एक युवक पिस्तौल के नोक पर लूट की थी।

## निगम में लगे कर्मियों को हटाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों और अध्यापकों को हटाए जाने के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ जिला फतेहाबाद के आह्वान पर कर्मचारियों द्वारा 11 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद हरियाणा सरकार को ज्ञापन भेजकर इन कर्मचारियों को तुरंत वापस नौकरी पर रखे जाने की मांग की जाएगी। सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सुरजीत दुसाद, ब्लाक प्रधान राजपाल मिताथल व सचिव इंद्र घासी ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में से हटाए गए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को वापिस लेने व आगे से न हटाते हुए उन्हें रेगुलर किया जाए। हरियाणा सरकार के द्वारा अपनी आउटसोर्स पॉलिसी के तहत विभिन्न विभागों में कच्चे कर्मचारी लगाए जाते हैं, जिनको लगाने के लिए अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम बना दिया गया है। इसके माध्यम से सभी विभागों में अलग-अलग पदों पर कर्मचारी लगाए जाते हैं। सरकार द्वारा इन कर्मचारियों के लिए जॉब सिक्योरिटी अधिनियम भी बनाया गया है, उसके बावजूद भी हाल ही में सरकार ने विभिन्न विभागों में से एचकेआरएन के माध्यम से लगे कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया है।

## जैन स्थानक में फिजियोथैरेपी सेंटर शुरू

- भगवान महावीर जयंती के अवसर पर श्याम नगर स्थित एसएस जैन स्थानक में खोले गए सेंटर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** भगवान महावीर फिजियोथैरेपी सैंटर का शुभारंभ करते राजकुमार जिंदल व सभा सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

महावीर जयंती के अवसर पर श्याम नगर स्थित एसएस जैन स्थानक में खोले गए भगवान महावीर फिजियोथैरेपी सैंटर का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंचे शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति राजकुमार जिंदल द्वारा इस फिजियोथैरेपी सैंटर का उद्घाटन किया गया। एसएस जैन सभा श्याम नगर फतेहाबाद के प्रधान सुरेन्द्र मित्तल ने बताया कि जैन साध्वी डॉ. शिव प्रज्ञा महाराज के आशीर्वाद व साध्वी रतना सियल महाराज की प्रेरणा से भगवान महावीर स्वामी फिजियोथैरेपी सेंटर का शुभारंभ किया गया है। इस फिजियोथैरेपी सैंटर में ओपीडी मात्र 10 रुपये रखी गई है। उन्होंने बताया कि इस सैंटर पर फिजियोथैरेपी के द्वारा हर प्रकार की बीमारी का इलाज किया जाएगा। इस अवसर पर एसएस जैन सभा श्याम नगर फतेहाबाद के प्रधान सुरेंद्र मित्तल, अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिला अध्यक्ष नेहा मित्तल, जैन सभा के वरिष्ठ उप प्रधान विनोद मित्तल, उप प्रधान मुकेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष कुलदीप, सह सचिव कृष्ण मोंगा, पीसी मित्तल, प्रवीण जैन, नवल जैन, रवि जैन, टोनी मित्तल व अन्य मौजूद रहे।

### खेलों को मिलेगा बढ़ावा, दो नर्सरियों को भी मंजूरी

# गोरखपुर में नेशनल कबड्डी के लिए शेड बना

- सरपंच डॉ. मनदीप योगी गोरखपुरिया ने बताया कि पंचायत के निरंतर प्रयासों से गांव को दो सरकारी खेल नर्सरियां मिली हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना




**भूना।** ग्राम पंचायत गोरखपुर द्वारा बनाया हुआ विशाल नेशनल कबड्डी शेड।

गांव गोरखपुर में खेल प्रेमियों के लिए ग्राम पंचायत ने बड़ी सौगात दी है। लाखों की लागत से बना नेशनल कबड्डी शेड अब युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं देगा। यह शेड खिलाडिय़ों को अभ्यास का बेहतरीन मंच देगा। इसकी भव्यता देखते ही बनती है। ग्राम पंचायत गोरखपुर के सरपंच डॉ. मनदीप योगी गोरखपुरिया ने बताया कि पंचायत के निरंतर प्रयासों से गांव को दो सरकारी खेल नर्सरियां मिली हैं। इनमें एक एथलेटिक्स और दूसरी नेशनल कबड्?डी की है। इन नर्सरियों में खिलाडिय़ों को ?3000 प्रति माह सरकार देगी। इससे सामान्य परिवारों के बच्चे भी खेल में आगे बढ़ सकेंगे। आर्थिक तंगी के कारण कोई भी प्रतिभा अब पीछे नहीं रहेगी। सरपंच योगी ने बताया कि गोरखपुर जिला फतेहाबाद का सबसे बड़ा गांव है। पहले यहां खेल सुविधाएं नहीं थीं। सरपंच बनने के बाद खिलाडिय़ों और खेल समिति से बातचीत की। फिर पंचायत को विश्वास में लेकर लाखों की लागत से नेशनल कबड्डी शेड, रनिंग ट्रैक, कबड्डी मेट और अन्य खेल सुविधाएं तैयार कराईं। इसी के चलते सरकार ने गांव को दो खेल नर्सरियां दीं। सरपंच ने इसके लिए हरियाणा सरकार का आभार जताया।

**खेलों में पहचान बनाएंगे गांव के युवा**

*गांव में इस पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। युवा उत्साहित हैं। उन्हें अपने भविष्य को लेकर नई उम्मीद मिली है। यह प्रयास गोरखपुर को खेलों में नई पहचान दिलाएगा। -मनदीप सिंह योगी, सरपंच, गोरखपुर*

## वार्ड वाइज मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया शुरू

- कालांवाली नगर पालिका के कर्मचारी तैयारी में जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

राज्य चुनाव आयोग ने नगर पालिका कालांवाली की मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया है कि विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची को आधार बनाकर नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले वार्डों की वार्डवार मतदाता सूची तैयार की जाएगी।

नगर पालिका कालांवाली की वार्डवार मतदाता सूचियां तैयारी करने का शेडयूल 15 अप्रैल से 2 जून तक पूरा होगा। 15 अप्रैल से 26 अप्रैल 2025 तक वार्डवार सूची तैयार की जाएगी। इस चरण में विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची को वार्डों में बांटकर ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार की जाएगी है। इसके बाद 28 अप्रैल को ड्राफ्ट सूची का प्रकाशन होगा। इसके बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची को सार्वजनिक किया जाएगा और नागरिकों से आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। आगामी सात मई को आपत्तियां व सुझाव दाखिल किए जा सकेंगे। अधिसूचना में बताया गया है कि 17 मई को आपत्तियों का निपटान किया जाएगा।